सं०पृ०वि०मं०/ 3/3/2015 सामान्य
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, आई०एम०डी०कॉम्पलैक्स
लोदी रोड,नई दिल्ली-110003
दिनांक-18/2/2015

**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में फूलों की आपूर्ति से संबंधित दो वर्षिय अनुबंध के लिए सीमित टेंडर (निविदा) के संबंध में** :-

इस मंत्रालय के सचिव एंव उच्च अधिकारियों के कमरों में सप्ताह के सभी कार्य दिवसों में फूल पात्रों में प्रति फूल पात्र लगाने तथा मंत्रालय द्वारा आयोजित सरकारी बैठकों के लिए फूलो से संबंधित सामान (संलग्नक–I में) के लिए मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जा रही हैं ।निविदा मुहरबंद लिफाफे में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में फूलों की आपूर्ति से संबंधित वार्षिक अनुबंध के लिए सीमित टेंडर अनुभाग अधिकारी (सामान्य), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय पृथ्वी भवन, आई०एम०डी०कॉम्पलैक्स, लोदी रोड नई दिल्ली-110003 लिखकर,कमरा न० 1 (सामान्य अनुभाग),में 11/03/2015 को सुबह 11.00 बजे तक टेंडर बाक्स में डाल दें। 11/03/2015 को ही सुबह 11.30 बजे टेंडर (निविदा)फूलों की आपूर्ति से संबंधित फर्मो के प्रतिनिधियों की उपस्थिति खोला जायेगा।

(2) टेंडर(निविदा)पत्र के साथ अग्रिम जमा राशि(EMD) के रूप ₹ 5000/-(पाँच हजार) का डिमांड ड्राफ्ट, DDO, Ministry of Earth Sciences, के नाम से देना होगा। टेंडर (निविदा)दिए जाने वाले सफल बिड़र का देय राशि ₹5000/-(पाँच हजार) का समायोजन परफोर्मेन्स सिक्यूरिटी राशि रूप में कर लिया जायेगा तथा यह राशि टेंडर(निविदा) के समाप्त होने के 60 दिनों तक मान्य होगा। असफल बिडर को अग्रिम जमा राशि(EMD) मंत्रालय द्वारा सफल बिडर के साथ अनुबंध होने के बाद बिना ब्याज के लौटा दिया जायेगा। टेड़र मिलने वाली फर्मे को मंत्रालय में फूलों की आपूर्ति के वार्षिक अनुमानित खर्च का 5% परफोर्मेन्स सिक्यूरिटी राशि रूप में जमा करना होगा।

(3) यह स्पष्ट रूप से दर्शाएं कि क्या आपके द्वारा बताई दरों में बिक्री कर शामिल है या नहीं है। बिक्री कर की दर, यदि अलग से ली जानी है, तो स्पष्ट रूप से दर भी बतायें। फूलों की आपूर्ति बिना ढुलाई खर्च के मंत्रालय के परिसर पृथ्वी भवन, आई०एम०डी०कॉम्पलैक्स, **लोदी रोड**, नई दिल्ली में पहुँचाना होगा।

## सामान्य निबंधन और शर्ते

1. टेड़र जमा करने की समय सीमा के बाद कम से कम तीन महीने की अवधि के लिए वैध रहेगी।
2. टेड़र एजेंसी के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर के तहत प्रस्तुत की जानी चाहिए।
3. इस मंत्रालय के पास किसी भी या बिना कोई कारण बताए सभी कोटेशन अस्वीकार करने के अधिकार सुरक्षित रखता है।
4. मंत्रालय के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी समय चयनित एजेंसी के साथ अनुबंध समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
5. अगर अनुबंधित एजेंसी इस निविदा दस्तावेज के नियम और शर्तों में से किसी का उल्लंघन करती है अथवा समय पर कार्य पूरा करने में असमर्थ एंव कार्य की गुणवत्ता वांछित स्तर के न होने पर, अनुबंध को रद्द कर दिया जाएगा तथा प्रतिभूति जमा जब्त कर ली जाएगी तथा इस कार्य को ठेकेदार के जोखिम और लागत पर अन्य फर्म को सौंप दिया जाएगा।

6. इस निविदा दस्तावेज से उत्पन्न परिणामों के समय निर्धारण और अनुक्रम अंततः इस मंत्रालय द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

7. इस मंत्रालय के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के साथ कोई मौखिक बातचीत या समझौतों से निविदा दस्तावेज के किसी भी निबंधन या शर्ते को प्रभावित या संशोधित नहीं किया जाएगा। मंत्रालय द्वारा टेड़र जमा करने वाली फर्म के साथ मौखिक संचार के इस मंत्रालय पर बाध्यकारी विचार नहीं माना जाएगा और न ही इस मंत्रालय के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति को किसी भी प्रश्न के लिखित सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

8. जो आवेदक पक्ष प्रचार अथवा बिना प्रतिबंध सहित रिश्वत अथवा अन्य गैर कानूनी तुष्टिकरण सहित किसी भी प्रकार से अर्हता अथवा चयन प्रक्रिया को प्रभावित अथवा प्रभावित करने का प्रयास करेगा उसे निविदा प्रक्रिया के किसी स्तर पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

09. प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय यह माना जायेगा कि प्रत्येक टेड़र जमा करने वाली फर्म ने इसे ध्यान से सभी रूपों,कार्यक्रम और अनुबंध सहित इस निविदा दस्तावेज के सभी वर्गो को पढ़ा हैं, और पूरी तरह से मौजूदा परिस्थितियों और सीमाओं के बारे में खुद को सूचित किया हैं।

10. फूल पात्रों में फूल प्रत्येक कार्य दिवस को बिना चूक के प्रातः काल करीब 8.30 बजे तक लगाना होगा। फूल सुन्दर अलग-अलग रंगो के एंव ताजे होने चाहिए। काम संतोषजनक न होने पर निविदा रद्द कर दी जाएंगी और परफोर्मेन्स सिक्यूरिटी राशि जब्त कर ली जाएगी।

11. मंत्रालय बिना कोई काराण बताए सभी दर सूचियों को अस्वीकृत कर सकता है।

तरूण सूद
अनुभाग अधिकारी (सामान्य)

**पात्रता मानदंड (Eligibility criteria) :-**

1. निविदाकर के पास बिक्री कर/वैट/पैन न० यदि लागू होता है तो होना चाहिए। इस सबंधं में प्रमाण के साथ निविदा में स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

2. उन्हें निम्नलिखित प्रमाणपत्र भी अवश्य देना होगा, "यह प्रमाणित किया जाता है कि मुझे/हमें अपनी आय संपति छिपाने के जुर्म में पिछले तीन वर्षो में कभी दंडित नहीं किया गया है। आयकर अधिकारी द्वारा दिए गए आयकर बेंवाकी प्रमाणपत्र की मूल अथवा साक्ष्यांकित प्रतियाँ जब भी कहा जाएगा मैं/हम प्रस्तुत कर देगें।

3. निविदाकर कम से कम तीन वर्ष से फूलों के विक्रेता का काम कर रहा हो तथा इस दौरान उसने कम से कम एक सरकारी मंत्रालय/ विभाग में फूलों की आपूर्ति का एक वर्ष का अनुभव हो, इस सम्बंध में जरूरी कागजात टेंडर (निविदा) के साथ में संलग्न करें।

4. फूल विक्रेता को पिछले तीन वर्षो में किसी भी सरकारी विभाग तथा अर्ध सरकारी सस्थांन/निगम द्वारा काली सूची (Black List) में नहीं डाला गया हों।

5. फूल विक्रेता का वार्षिक फूल बिक्री व्यवसाय कम से कम एक लाख रूपया हों, इस सम्बंध जरूरी कागजात साथ में संलग्न करें।

**चयन प्रक्रिया (Selection Process)**

जो भी फर्म/विक्रेता सलग्ंनक –I (Annexure -I) में दिये गए फूलों से संबंधित मद (Items) का कुल (Total) सबसे कम राशि (Amount) दर्शायेगा उसी फर्म/विक्रेता को मंत्रालय द्ववारा अनुबंधित किया जायेंगा।

तरूण सूद
अनुभाग अधिकारी (सामान्य)
फोन न० -24669596

Copy to:-

1. NIC Division of Ministry of Earth Sciences with the request to display the above tender notice on the web site of this Minsitry.
2. All Ministrise/Departments with the request to give due publicity for the above tender among the contractors working with them.
3. Computer Division, MoES with the request to upload the tender notice in the Central Public Procurement Portal of Government of India (e procure.gov.in).

**सलंग्नक –I (Annexure -I)**

| S.No. | **Items**<br>**(Rates are to be quoted for one number per Item)** | **Rates** |
|---|---|---|
| 1. | Round Flower arrangement for Senior officers Room for 5 days in a week (8 flowers per one arrangement). | |
| 2. | Round Lilly flower (big size) 25 flower per one bouquet. | |
| 3. | Round Lilly flower (big size) 20 flower per one bouquet. | |
| 4. | Lilly flower arrangement for table (ovel shape) 40 pieces flower per one. | |
| 5. | Lilium flower arrangement for table (ovel shape) 25 pieces flower per one. | |
| 6. | 22" Inch round Floating arrangement desi rose petals with candle big size (5 days in a week). | |
| 7. | 16" Inch round Floating arrangement desi rose petals with candle small size (5 days in a week). | |
| 8. | Desi rose flower garlands 6ft. (Mala). | |
| 9. | Marigold garlands 3ft. (Mala). | |
| 10. | Mix flower gate decoration. | |
| | Total Amount (including taxes, if any) | |

*****

नोट :- किसी अतिरिक्त जानकारी के लिए फर्मे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के श्री तरुण सूद, अनुभाग अधिकारी (सामान्य) से टेलीफोन नं०24669596 में संपर्क कर सकते हैं।

हस्ताक्षर/सील